Speaker made an announcement regarding traning of of new technology being implemented in the Parliament House

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, नई व्यवस्था है और नई व्यवस्थाओं में टेक्नोलॉजी का भी प्रयोग किया है । आज सुबह भी 10 बजे से टेक्नोलॉजी के बारे में सिखाने के लिए सभी माननीय सदस्यों से आग्रह किया था । कल भी सुबह टेक्नोलॉजी के बारे में जो भी सीखने के लिए आना चाहें, इस पार्लियामेंट कैंपस में आमंत्रित हैं । टेक्नोलॉजी के कारण कुछ चीजें हो सकती हैं, आपको आवाज कम आए, उसको ठीक कर रहे हैं । नये घर में आते हैं, नये परिवार में आते हैं, तो आप सब इन चीजों को समझते हैं ।

? (व्यवधान)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Can the hard copy of the business papers be circulated at least for a few days?

माननीय अध्यक्ष : ठीक है । इसीलिए, इस नई व्यवस्था में सभी लोग आसन का सहयोग करेंगे, ऐसी मेरी अपेक्षा है । जो कुछ भी व्यवस्थाओं के अंदर आपको कमी लगे, वह मुझे बतायें । इन दो दिनों के बाद आपको व्यवस्थायें और व्यवस्थित मिलेंगी । जितना दो दिनों में ठीक होगा, उसकी कोशिश करेंगे, नहीं तो नये सत्र के समय सब व्यवस्थायें मिलेंगी । हम सब जानते हैं कि नये प्रयोग में कुछ चीजें टेक्नोलॉजी से जुड़ी हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : हां, सब विषय मेरे ध्यान में हैं । आप और भी लिखकर मुझे भेज दीजिएगा, मैं उसके लिए प्रयास करूंगा ।

11.07 hrs